Pl. prepare draft reply
CM / SM
29/09/20

सेवा मे,

लोक सूचना अधिकारी,

765 कें0वी0 जी0आई0एस0 सबस्टेशन,

पी0जी0सी0आई0एल0, कोटेश्वर,

टिहरी गढ़वाल

विषय– दिनाँक 23.07.2020 **को अधिवक्ता** एस0. पी0 कक्कर द्वारा दिये **गए नोटिस के सम्बन्ध में ।**

महोदय,

उपरोक्त विषयानुसार संलग्न नोटिस के सम्बन्ध में पी0जी0सी0आई0एल0 द्वारा अभी तक क्या कार्यवाही की गई है ।

कृपया सूचना उपलब्ध करवाने की कृपा करें ।

धन्यवाद

दिनांक–17 / 09 / 2020

प्रार्थी

नाम– देवेन्द्र कोठारी

पुत्र– श्री किशन दत्त कोठारी

पता– मकान न0 09 ल0 झू0 रोड़
भैरव मन्दिर के पीछे निकट
के0 बी0 पी0 स्कूल ऋषिकेश

जिला– देहरादून

पिन कोड़– 249201

संलग्न: रुपये 10/- मात्र पोस्टल आर्डर
48F 285407

दस टका   দশ টাকা   દસ રૂપિયા   ಹತ್ತು ರೂಪಾಯಿ   ...   ...   दहा रुपये   ...   दस रुपए   दश रूप्यकाणि

பத்து ரூபாய்   పది రూపాయలు

अपराक्राम्य
NOT NEGOTIABLE

भारतीय पोस्टल आर्डर
INDIAN POSTAL ORDER

सत्यमेव जयते

डाक महानिदेशक DIRECTOR GENERAL OF POSTS.

PAY TO ____________________ को

दस रुपये की रकम THE SUM OF RUPEES TEN ONLY

₹ 10

AT THE POST OFFICE AT ____________________

के डाकघर में अदा करें ।

कमीशन COMMISSION रुपया 1 RUPEE

प्रेषक अपना नाम और पता यहां लिख दे ।
SENDER MAY FILL IN HIS NAME AND ADDRESS HERE.

भुनाने वाले डाकघर की तारीख सहित मोहर
CANCELLING OFFICE STAMP WITH DATE

जारी करने वाले डाकघर की तारीख सहित मोहर
ISSUING OFFICE STAMP WITH DATE CANCELLING THIS ORDER

डाक टिकट
POSTAGE STAMPS

पोस्ट मास्टर POSTMASTER

इस लाइन के नीचे मत लिखिए   DO NOT WRITE BELOW THIS LINE

48F 285407

S.P. KAKKAR
Advocate

17, S.B.M. Shoping Complex
Haridwar Road, Rishikesh-249201
Cell : 9412046849

Ref:..........................

Date : 23-07-2020

नोटिस बनामः

उप महा प्रबन्धक, प्रोजेक्ट– 765 के वी जी आई एस, (PGCIL)सब स्टेशन कोटेश्वर जिला टिहरी गढवाल

महोदय,

मैं अपने व्यवहारी मै0 कोठारी एन्टरप्राइजेज, लक्ष्मणझूला रोड, भैरों मन्दिर के पीछे, के0 बी0 पी0 स्कूल के पास, ऋषिकेश जिला देहरादून उत्तराखण्ड, द्वारा साझीदार श्री देवेन्द्र कोठारी पुत्र श्री किशन दत्त कोठारी की ओर से व उनके निर्देशानुसार आप नोटिसीगण को निम्नलिखित विधिक नोटिस प्रेषित करता हूं :–

1– आप के विभाग के द्वारा मै0 एबीबी इन्डिया लिमिटेड, पी0 पी0 टी0 आर पावर ट्रांसफरमर, नैश्नल हाइवे न0 8, मनेजा, वढोडरा, 930013, गुजरात को ट्रांसफरमर, सप्लाई एवं स्थापना का कार्य करने के लिए अनुबन्धित किया गया है ।

2– यह कि मै0 एबीबी इन्डिया लिमिटेड, द्वारा उक्त प्रोजेक्ट में ट्रांसफरमर स्थापना का कार्य पेटी ठेकेदार मै0 गुप्ता एनटरप्राइजेज, 344 ए, बेकरी मौहल्ला, लालकुर्ती, मेरठ कैण्ट, उत्तरप्रदेश को करने के लिए दिया गया है।

3– यह कि पेटी ठेकेदार मै0 गुप्ता एनटरप्राइजेज, 344 ए, बेकरी मौहल्ला, लालकुर्ती, मेरठ कैण्ट, उत्तरप्रदेश के द्वारा मै0 एबीबी इन्डिया लिमिटेड के श्री रुपेश कुमार पुत्र अज्ञात साइट मैनेजर, कोटेश्वर डेम साइट, कोटेश्वर, टिहरी गढवाल के मोटिवेशन व मै0 एबीबी इन्डिया लिमिटेड के वाइज प्रेजीडेन्ट श्री विजय पाटिल पुत्र अज्ञात की सहमति से मेरे व्यवहारी को उपरोक्त मै0 गुप्ता एनटरप्राइजेज, का वित्त पोषक इस आधार पर बनवाया गया कि जैसे जैसे मूल कम्पनी से बिलों का भुगतान प्राप्त होगा मेरे व्यवहारी को उसके द्वारा निवेष किया गया धन मय लाभ के वापिस प्राप्त होता रहेगा, और तब तक प्रोजेक्ट साइट पर रखी गयी मै0 गुप्ता एनटरप्राइजेज की मशीने फिल्टेशन प्लांट वाहन टूल्स आदि प्रोजेक्ट साइट पर मेरे व्यवहारी की अमानत के तौर पर रहेंगे व वहां से बिना मेरे व्यवहारी की अनुमति के नहीं हटाए जायेंगे।

4– यह कि पेटी ठेकेदार मै0 गुप्ता एनटरप्राइजेज, 344 ए, बेकरी मौहल्ला, लालकुर्ती, मेरठ कैण्ट, उत्तरप्रदेश ने मूल कम्पनी से बिल प्राप्त करने के बाद भी मेरे व्यवहारी के रु0 53,48,939/–(रुपये तिरेपन लाख अडतालिस हजार नौ सौ उन्तालिस) का भुगतान नही किया है व साइट से अपना सामान भी हटा रहा है ।

5– यह कि मै0 एबीबी इन्डिया लिमिटेड, पी0 पी0 टी0 आर पावर ट्रांसफरमर, नैश्नल हाइवे न0 8, मनेजा, वढोडरा, 930013 को मेल से व व्यक्तिगत रुप से भी मेरे व्यवहारी के द्वारा सूचना देने के बाद

S.P. KAKKAR
Advocate
17, S.B.M. Complex,
Rishikesh

भी मेरे व्यवहारी को उसका भुगतान दिलवाने के लिए कोई प्रयास नहीं किया जाना उन दोनो मै0 एबीबी इन्डिया लिमिटेड एवं मै0 गुप्ता एनटरप्राइजेज की मिली भगत कर मेरे व्यवहारी का पैसा हडप करने के षणयत्रं का आभास होता है।

6– यह कि आप नोटिसी उक्त प्रोजेक्ट के मूल कार्यदायी संस्था होने के कारण सभी कार्यदायी ठेकेदारों के हितों के संरक्षक हैं व सब के विधिक भुगतान दिलवाने के लिए जिम्मेवार है।

मेरा व्यवहारी इस नोटिस के माध्यम से आपसे मांग करता है कि मेरे व्यवहारी का उपरोक्त रु0.53,48,939 /– (रुपये तिरेपन लाख अडतालिस हजार नौ सौ उन्तालिस) का भुगतान पन्द्रह दिन के अन्दर करवाने के लिए उक्त दोनो ठेकेदारों को निद्रेशित किया जाय और जब तक मेरे व्यवहारी के बिलों का भुगतान नही किया जाता तब तक के लिए उक्त मै0 एबीबी इन्डिया लिमिटेड को उनके बिलों का भुगतान न किया जाय ताकि मेरे व्यवहारी के हित संरक्षित रहें, अन्यथा मेरा व्यवहारी सक्षम न्यायालय के समक्ष उचित कानूनी कार्यवाही करने के लिए बाध्य होगा।

प्रस्तुत नोटिस को नोटिस अंर्तगत धारा 80 सी0 पी0 सी0 माना व समझा जाय।

दिनांक 23.07.2020

भवदीय

एस0 पी0 कक्कड एडवोकेट
S.P. KAKKAR
Advocate
17, S.B.M. Complex,
Rishikesh

प्रतिलिपी: श्री आलोक दुबे वरिष्ठ महाप्रबन्धक **PGCIL** भगवान पुर रोड पुहाना जिला हरिद्वार

भारतीय डाक
India Post
Wt:20gms
Amt:22.00(Cash)
<Track on www.indiapost.gov.in>
<Wear Masks, Stay Safe>